**सार-समाचार**

## प्राचार्य व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**करौली**, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय के द्वारा हाल ही में जारी यूजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम सहित अन्य सेमेस्टर परिणाम में कथित रूप से गडबडी का आरोप के साथ ही सेमेस्टर परीक्षा फीस कम करने के विरोध करते हुए एबीवीपी के छात्र- छात्राओं ने कोटा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम प्राचार्य एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एबीवीपी जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में जारी किए गए द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की गडबडी सामने आई है इस परिणाम में महाविद्यालय कि सभी छात्राओं की बैक लगा दी है साथ ही प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रियांशु राजपूत ने कहा कि प्रथम वर्ष मे दो सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कराई जाती हैं जिसकी परीक्षा लगभग तीन-तीन हजार होती है लेकिन पहले एक वर्ष की फीस मात्र तीन हजार के लगभग रहती जिससे गरीब बच्चो को बहुत समस्या का सामना करना पड रहा है। इकाई अध्यक्ष ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक कलेंडर जारी हो जिससे विधार्थियो को समस्या का सामना करना नही पढे साथ ही डागुर ने बताया कि इस परिणाम मे जिले के अधिकतर छात्र छात्राओं की बैक या फैल कर दिया है इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध कुलश्रेष्ठ,दीपक गुर्जर,गजेंद्र,जय वर्धन,मुस्कान,अनन्या, ऋषिका,राजेंद्र सैनी,मोनू सैनी सहित अनेक छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## रूपवास में बसंत पशु मेला आयोजित

**रूपवास,** (निसं)। शहर में चल रहे बसंत पशु मेला व प्रदर्शनी में 17 घन्टे चले भजन जिकडी कार्यक्रम में गायकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन के मुख्य अतिथि ईओ योगेश पिप्पल थे। अध्यक्षता जेईएन अरविंद सिंह ने की। इस भजन जिकडी मुकाबले में भरतपुर, धौलपुर, मथुरा, कोसी, आगरा, जगनेर के गायककारों ने भाग लिया। भजन जिकडी में तीन दौर के बाद छोटी जोठ में विपिन नोहरदा प्रथम व सचिन बमनई द्वितीय रहे। वही लड़िकयों के वर्ग में सावित्री जटमासी प्रथम व छवि देशवाल एन्चेरा द्वितीय, संध्या महुआ तृतीय रही। तथा बडी जोठ में मोतीराम लोहकरेरा प्रथम, ओमप्रकाश निभेरा व प्रहलाद पुरा मालोनी द्वितीय, दीपक जगनेर व छिददी सांतरुक तृतीय रहे। स्पेशल पुरुस्कार से निधि ताजगंज आगरा व पेडवादक घनश्याम शर्मा को मेला कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। ईओ योगेश पिप्पल ने बताया कि गायकों ने महाभारत के कालखंड, शिव विवाह, रामायण व देश की राजनीति पर विशेष गायन पेश किया। सभी गायकों ने अपनी गायनकला से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान शहर सहित आसपास के गांव घाटा, ओडेलगद्दी, खानुआ, कांदोली, नगला पन्छन्दरा, ओडेलजाट, जगनेर, सरेंदी, मिलसमा, नयागांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण संपन्न

**करौली**, (निसं)। रबी वर्ष 2024-25 की फसल कटाई प्रयोग के संबंध में सोमवार को पंचायत समिति सभागार करौली में तहसील करौली,मासलपुर एवं मंडरायल का फसल कटाई प्रशिक्षण नरोतम मीना ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी करौली की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण मे सहायक सांख्यिकी अधिकारी गोविन्द जांगिड द्वारा फसल कटाई प्रयोग के बारे मे विस्तार जानकारी दी गई साथ ही सरसों,चना, गेहूं की तालिका नं. 1, 10 फरवरी तक भिजवाने के निर्देश दिये गये एवं टीआरएस प्रपत्र को समय पर भरकर भिजवाने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसल कटाई प्रयोग सीसीई ऐप एवं जीसीईएस एप के द्वारा ही किया जाना है। ऐप के बारे मे विस्तार से जानकारी मास्टर ट्रेनर सहायक सांख्यिकी अधिकारी गोविन्द जांगिड द्वारा दी गई। प्रशिक्षण मे एनएनएसओ कोटा से आए वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी महेश मीना द्वारा फसल कटाई एवं रेन्डम विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मे सांख्यिकी विभाग के गवरी लाल मीना, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी मण्डरायल, राजस्व विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बीमा कम्पनी के सदस्य उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर 5 से

**करौली**, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि एठाीस्टैक योजना के तहत जिले में 5 फरवरी से ठााम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाये जायेंगे। उन्होने बताया कि प्रथम चरण में विभिन्न तहसीलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे जिसमे तहसील करौली कि ग्राम पंचायत राजौर,मासलपुर की डुकावली,सपोटरा की चैडागांव, मंडरायल की दरगंवा, हिण्डौन की महूखास, सूरौठ की जटवाडा, श्रीमहावीरजी की नगला मीना, टोडाभीम की माचडी,नादौती की नादौती एवं बालघाट की रानौली पंचायत में शिविरों का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार किया जाएगा। वहीं प्रत्येक किसान को 11 डिजिट की आधार से लिंक्ड एक विशिष्ट कृषक आईडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए जिले में ठााम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषक पंजीयन का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

# भगवान देवनारायण की रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली

**श्रीमहावीरजी/हिण्डौन सिटी,** (कासं)। कस्बा स्थित देवनारायण मंदिर परिसर 2 दिन से चल रहे भगवान देवनारायण के 1113 जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित वार्षिक मेले के अवसर पर सोमवार को भगवान देवनारायण की विशाल रथयात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमे सारथी की बोली शहीद किंदूरी सिंह के पिता रेंडायल निवासी पुन्या पटेल ने ली जिसमें गुर्जर समाज के हजारों की तादाद में प्रदेशभर से पधारे लोगों ने हिस्सा लिया शोभायात्रा यात्रा में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश किये सैकडो के

■ **शहीद के पिता ने ली देवनारायण भगवान सारथी की बोली**

तादाद में महिलाएं आगे चल रही थी कार्यक्रम से पूर्व विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना संपन्न हुई।

गंभीर नदी के तट पर स्थित बड़े बगीचे से विशाल रथयात्रा जलाभिषेक होने के बाद प्रारंभ हुई आगे आगे युवा डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे उनके पीछे महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा को शोभायमान कर रही थी रथ यात्रा में मेले का मुख्य आकर्षण घोड़ी नृत्य जो संगीतमय ध्वनि पर मेले में नृत्य कर रही थी रथ यात्रा में सम्मिलित करौली ,सवाई माधोपुर, भरतपुर, दौसा ,अलवर एवं दूर दराज से पधारे गुर्जर समाज के लोग भगवान देवनारायण के ऊंचे ऊंचे जय गुंजायमान कर रहे थे। भगवान देवनारायण की रथ यात्रा श्री महावीर जी के मुख्य बाजार में होती हुई भगवान देवनारायण मंदिर प्रांगण में पहुंची जहां धर्म सभा में परिवर्तित हुई धर्म सभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा के पूर्व विधायक प्रहालद गुंजल ने समाज मे एकजुटता की अपील की ये भूमि त्याग और समर्पण की भूमि है। गुर्जर समाज ने सदियों तक अंग्रेजों और मुगलों से लड़ाई लड़ी है हमारी अगली पीढ़ी को जगाना होगा । शिक्षा के व्यापक प्रात्साहन देने के साथ सामाजिक मुद्दे को लेकर विचार रखे। सभा मुख्य मंत्री सहित प्रधानमन्त्री मोदी पर भी कटाक्ष किए। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह कोटा पार्षद बबलू कसाना , सूबेदार धारा सिंह , उपप्रधान प्रतिनिधि दर्शन सिंह श्रीमहावीरजी सरपंच प्रतिनिधी यादराम पंवार, अकबरपुर सरपंच महेन्द्र सिंह, ईश्वर सिंह, अमर सिंह, रुपसिंह तोगड़िया, अतर पटेल , हरिचरण पटेल, भूपेन्द्र खटाना सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।



भगवान देवनारायण की रथयात्रा निकाली।

# अबैध शराब व मासाहारी होटलों को हटाने की मांग

करौली, (निसं)। करौली नगरपरिषद के वार्ड 44 के पार्षद दीपक साक्यवार के नेतृत्व मे क्षेत्र के लोगो ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन पे'ा कर अवैध शराब के ठेके व मासाहारी होटलो को बंद कराने कि मांग कि।

पार्षद दीपक साक्यवार के नेतृत्व मे ललता मीणा, मिथलश, सीता, यारसी, गुलशन सहित कई महिला पुरूषों ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन पे'ा कर बताया कि करौली शहर के पठान खिडकिया बाहर बिचपुरी रोड मेढकी पर अवैध शराब का ठेका व मास,मच्छी कि अबैध दुकाने व होटले संचालित है जहाँ पर शराब के ठेकेदार के द्वारा सरकार के नियमों को अन्देखा करते हुऐ समय के बाद व शराबीयो को ठेके पर बैठाकर शराब पिलाने व शराब के ठेके के पास ही मास मच्छलियों कि अवैध बिना लाईसेन्स कि दुकाने संचालित है जिन पर शराबी किस्म के लोग नशा कर रास्ते में खड़े हो जाते है उक्त शराब कि दुकान व मास मच्छलियों कि दुकान के पास होटलो के सामने से ठाम बिचपुरी व मेला ठााउण्ड को आने जाने का आम रास्ता है। जहाँ से गुजरने वाले राहगीरो के साथ शराबी किस्म के व्यक्तियों के द्वारा महिलाओ व छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर फब्तिया कसते है।

स्थानीय लोगो के मना करने पर हमारे साथ मारपीट करने पर ठेका संचालक व अबैध मास,मछियों कि संचालित दुकानों व होटलो के संचालको के द्वारा खुले आम धमकी दी जाती है उन्होने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है कि पठान खिडकिया बाहर बिचपुरी रोड मेढकी करौली पर अबैध रूप से सरकार के नियमों का पालन नही करते हुऐ शराब ठेका संचालन व अबैध बूचड खानो व अवैध मासाहारी होटलो को हटवाया जाये।



करौली नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौपते वार्ड 44 के लोग।

## चिकित्सको ने किया बहिष्कार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। बाडमेर के सेडवा सीएचसी में एसडीएम द्वारा एक डॉक्टर से दुर्व्यवहार के विरोध में सोमवार को गंगापुर सिटी जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। सुबह 9 से 11 बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के दौरान ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहीं, हालांकि आपातकालीन सेवाएं जारी रखी गईं।

जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. दिनेशचंद गुप्ता ने बताया कि एक फरवरी को सेडवा के एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने ओपीडी में मरीजों का इलाज कर रहे डॉ. रामस्वरूप से न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि उन्हें पुलिस गिरफ्तारी की धमकी भी दी। इस घटना से आक्रोशित चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि जब तक एसडीएम के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान मरीजों को डॉक्टरों का इंतजार करना पडा और नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। इस विरोध प्रदर्शन में अस्पताल के सभी चिकित्सक शामिल हुए।

# अन्नपूर्णा रसोई में गरीब बच्चों को नि:शुल्क भोजन कराया

**भरतपुर**, (निसं)। सेवा ही धर्म और सेवा ही कर्म की उक्ति को चरितार्थ करते हुए मां मधुर सेवा संस्थान, भरतपुर द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत रंजीत नगर स्थित कच्ची बस्ती अन्नपूर्णा रसोई में गरीब बच्चों को नि:शुल्क भोजन कराया गया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश उपमन ने बताया कि संस्थान सामाजिक कार्यों में आगे रहती है इसी के तहत मां मधुर की स्मृति में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब बच्चों व उनके माता पिता को खीर, पूड़ी, आलू छोले की सब्जी तथा आलू गोभी की सूखी सब्जी का विशेष नि:शुल्क भोजन कराया गया। शिक्षाविद वैभव उपमन ने कहा कि लोगों को अपने निजी आयोजनों के तहत फिजूल खर्ची को रोकना चाहिए क्योंकि वर्तमान में एक ऐसा भी वर्ग है जिनको एक समय का भोजन भी नसीब नहीं हो पाता इसलिए ऐसे गरीब तबके के लोगों को सहायता देनी चाहिए संस्थान एक गैर लाभकारी संगठन के रूप में नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है।

**सार-समाचार**

## चार इनामी बदमाश गिरफ्तार



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। बाटोदा पुलिस ने एक बडी कार्रवाई में चार वर्षों से फरार चल रहे बजरी माफिया के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और राजकार्य में बाधा डालने का आरोप था। प्रत्येक आरोपी पर पुलिस ने 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। थानाधिकारी यशपाल सिंह के अनुसार, यह मामला 29 दिसंबर 2020 का है। उस दिन सवाई माधोपुर कंट्रोल रूम से मोरेल नदी मार्ग पर अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची बाटोदा थाना पुलिस ने चार ट्रैक्टर-ट्रालियां पकडी थीं। इसी दौरान ट्रैक्टर ड्राइवरों ने फलसावटा से अपने समर्थकों को बुला लिया और पुलिस टीम पर हमला कर ट्रैक्टर-ट्रालियां छुडाकर फरार हो गए। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोठ गेट से इरशाद खान, दिलशाद, मोहम्मद सफीक खान और मोहम्मद रफीक खान को ट्रैक्टर-ट्रालियों समेत गिरफ्तार किया। सभी आरोपी फलसावटा, थाना मलारना डूंगर के रहने वाले हैं। इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह, भजनलाल और रामेश्वर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जगह-जगह हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**करौली**, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को सूर्य सप्तमी के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा महू हरनगर गॉव के विद्यालय व चैनपुर गॉव के विद्यालय मे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला स्तरीय कार्यक्रम मॉडल स्कूल में सूर्य नमस्कार प्रशिक्षक सोनपाल जाटव एवं विनोद गुर्जर ने मंच के माध्यम से सूर्य नमस्कार समस्त विद्यार्थी एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को करवाया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी दिनेश चंद मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक इंद्रेश तिवाडी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी,केसर सिंह नरूका,शांतनु पाराशर,स्कूल स्टाफ एवं बडी सख्या में विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा मासलपुर तहसील के कस्बा चैनपुर के सभी विद्यालयो में सूर्य सप्तम तिथि के अवसर पर ठाामीणों सहित बच्चों और स्टाफ ने सोमवार को प्रार्थना सभा से पहले सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर नियमित सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बैरवा ने आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रमण स्वरूप लवानिया,योग प्रशिक्षित स्टाफ रघुराज सिंह और अंकिता मीना का आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया कार्यक्रम में ऑब्जर्वर के रूप में विद्यालय में आए मनीष कुमार का भी सम्मान किया गया संख्या के साथ-साथ मंत्रोच्चार से भी सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण दिया

**भरतपुर,** (निसं)। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान व प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु दर में कमी लाने के उद्देश्य से डवलपमेंट पार्टनर जपाइगो द्वारा जिला स्तर पर एएनएम एवं सीएचओ के 10 बैचों का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। जिसमें 315 स्वास्थ्यकर्मियों को गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता पूर्ण एएनसी सेवाएं देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। इससे आरसीएच कार्यक्रम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों में अपेक्षित सुधार परिलक्षित होगा। सीएमएचओ डॉ गौरव कपूर ने बताया कि 'बॉर्न हैल्थी'' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढीकरण, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमणों जटिलाओं की शीघ्र पहचान व ईलाज के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। मास्टर प्रशिक्षक के रूप में दीपेंद्र कुमार नर्सिंग ऑफिसर, लोकेंद्र सिंह नर्सिंग ऑफिसर, जयपाल तिवारी प्रोठााम ऑफिसर जपाईगो, अजय प्रकाश सीनियर प्रोठााम कोऑर्डिनेटर जपाईगो ने प्रेजेंटेशन, मॉड्यूल एवं कार्य कौशल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी खंडो एवं शहरी एएनएम, सीएचओ ने भाग लिया। आरसीएचओ डॉ अमर सिंह ने बताया की ट्रेनिंग का उद्देश्य जिले की गर्भवती महिलाओं को समय पर उचित और सम्पूर्ण जांच और दवाइया मिल पाए। जिले में 10 बैचो में 317 स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 278 एएनएम एवं 37 सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया है।

## कुएं में गिरा सांड

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नगर परिषद क्षैत्र में खुले कुंए आवारा जानवरो के लिए प्राण घातक बन रहे है। बार बार प्रशासन के द्वारा चेताने के बाद भी खुले कुं ओ को ना तो ढका जा रहा और नाही भरा जा रहा है। रविवार की देर शाम खण्डेलवाल धर्मशाला के सामने एक 8० फीट के खुले कुए में सांड गिर कर चोटिल हो गया। लोगो को जब सोमवार सुबह पता चला तो उन्होने प्रशासन व समाज सेवी पार्षद पदम जोशी को सूचना दी जिस पर पार्षद पदम जोशी संसाधनो के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्त के बाद सांड को बाहर निकाला। इससे पहले गुरूवार को भी पदम जोशी ने कोर्ट परिसर मे भी टीन सेड से एक कॉमन क्रेक सांप के जोडे को पकड कर सुरक्षित रेस्कयू कराया था।

# बैठक में बजट घोषणाओं व विकास कार्यों की प्रगति की

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर सभी विभागों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं एवं विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर गति प्रदान करें। किसी

■ **जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं व विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए**

भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने अथवा समस्या आने पर उसका निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग की नर्सरी को इकरन गौशाला के पास सिफ्ट करने की तैयारी करते हुऐ एसटीपी से ट्रीटमेंट प्लान के पानी की सप्लाई की लाइन नर्सरी तक डालने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों में वन क्षेत्र के डायवर्जन प्रस्तावों को भी आपसी समन्वय से शीघ्र तैयार कर कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झील का बाडा के विकास कार्यों, सडक चौडाईकरण एवं हैलीपैड निर्माण के कार्य को आपसी समन्वय से शीघ्र पूरा करायें। जिला कलक्टर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों में अनावश्यक देरी पर आरएसआरडीसी के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए मेडीकल कॉलेज, आरबीएम अस्पताल, आईटीआई कॉलेजों के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग-21 को जोडने वाले लिंक रोड के चौडाईकरण कार्य कराने तथा अतिक्रमणों को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को जिले में चल रहे सडक एवं भवन निर्माण कार्यों को समय-समय पर जांच कर गुणवत्ता से कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को सांसद, विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को भी निर्धारित समय पर पूरा कराने की बात कही। उन्होंने विद्युत निगम को विद्युत सब स्टेशन निभेरा 31 मार्च तक, कामखेडा 15 मार्च तक, अटारी 30 अप्रेल तक पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा विभाग को चिकित्सा संस्थानों के निर्माण कार्यों को गति देते हुए विभागीय लक्ष्यों में टीकाकरण, परिवार नियोजन को शत-प्रतिशत पूरा करने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम करने के लिए अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए एन्टीलार्वा गतिविधियां निरन्तर जारी रखें। शहरी क्षेत्र में जलभराव ऐरिया में दवा छिडकाव के लिए ड्रॉन का उपयोग कर लार्वा रोकथाम के लिए प्रभावी प्लान बनाऐं।

जिला कलक्टर ने पर्यटन विकास के लिए लोहागढ किले के सौन्दर्यकरण साफ-सफाई, प्रवेश एवं निकास तथा वाहन पार्किंग के प्लान तैयार कर किले के अन्दर बसी आबादी में थीम के अनुसार सुविधाऐं विकसित कर पर्यटन को बढावा देने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मछली मार्केट एवं लेबर मार्केट को स्थान्तरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग फार्मर रजिस्ट्रीकरण शिविरों में भी सक्रियता से भागीदारी निभाकर शत-प्रतिशत लोंगों को लाभान्वित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, डीएफओ मानससिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्रसिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

## कुंसाय को अलग ग्राम पंचायत बनाने लिए ज्ञापन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सम्पूर्ण प्रदेश में ग्राम पंचायतों के परिसीमन एवं पुनर्गठन के संदर्भ में वजीरपुर तहसील के पास स्थित रायपुर ग्राम पंचायत में शामिल कुंसाय ग्रामवासियों द्वारा सोमवार को पृथक रूप से अलग नवीन ग्राम पंचायत बनाने हेतु उप जिला कलेक्टर वजीरपुर को ज्ञापन सौपा। सामाजिक कार्यकर्ता धनेश शर्मा ने बताया कि सन 2०11 में रायपुर ग्राम पंचायत की जनसंख्या 5००० थी तत्कालीन समय में भी ग्राम पंचायत रायपुर के पास सबसे बडा गांव कुंसाय था जिसकी सन 2011 में जनसंख्या 2729 थी एवं कुंसाय ग्राम के रकवा में पावर हाउस (खंडीप मोड पर) रायपुर ग्राम की एक ढाणी है जो कुंसाय रकवा में आती है (हिंडोन गंगापुर मैन रोड व खंडीप रोड के बीच जो आबादी है) जिसकी 2011 में जनसंख्या 430 थी जो कुल आबादी 3161 है और वर्तमान में कुल आबादी लगभग 6000 है जो सरकार के नवीन पंचायत के लिए नियमानुसार एक मापदंड है उन सभी को पूरा करती है। इन सभी मापदंडों का जिक्र करते हुए प्रदेश सरकार पंचायत राज विभाग से परिसीमन के अंतर्गत कुंसाय ग्राम को नवीन ग्राम पंचायत के रूप में सृजित करने का विशेष आग्रह किया गया है। ज्ञापन देने के दौरान अखिलेश शर्मा, गोपी, शिवदयाल मीणा, हरिओम प्रजापत, प्रेमप्रकाश, धीर सिंह, जोगेंद्र, प्रेमराज मीणा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गुर्जर महासभा ने किया भामाशाहों का सम्मान



पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र सिंह व शिवसिंह दायमा का सम्मान किया।

**भरतपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा गुर्जर छात्रावास भरतपुर पर छात्रावास अध्यक्ष भरत खटाना की अध्यक्षता में व जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला के सानिध्य में गुर्जर समाज के भामाशाहों का सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जसवंत दारापुरिया दिनेश सिराधना कपरौली थे एवं विशिष्ट अतिथि गिर्राज सरण खटाना, पार्षद उदयसिंह, बबली धाऊ, बालकृष्ण थानेदार, पुष्पेन्द्र मावई थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा भगवान श्री देवनारायण जी के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। भामाशाहों द्वारा गुर्जर छात्रावास निर्माण कार्य के लिए पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र सिंह द्वारा 51000 रू. की नकद राशि प्रदान की गई एवं शिवसिंह दायमा द्वारा भी 51000 रू. की राशि छात्रावास के लिए दी गई। भामाशाहों का मुख्य अतिथि जसवंत दारापुरिया ने साफा बांधकर, फूलों का हार पहनाकर व भगवान श्री देव नारायण का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्रावास अध्यक्ष ने कहा कि छात्रावास में 50 बच्चों के रहने की व्यवस्था है और व्यवस्था की जा रही है। पढने वाले बच्चों को सभी सुविधाऐं उपलब्ध करा दी जायेंगी व लाइवब्रेरी हॉल का निर्माण जारी है। इस कार्यक्रम में समाज के भामाशाहों ने अपना योगदान दिया है, जिससे गुर्जर छात्रावास सुचारू रूप से चालू है। इस कार्यक्रम में समाज के काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें जनक विधूडी शिवराम पहलवान, बल्लो पहलवान, वीरेन्द्र वैरखो, दीपचंद पटवारी, गणेश जाटौली, भगत सिंह अघापुर, जग्गो दारापुर, रनवीर माल दारापुर, लाखन सिंह, गंगाराम आदि लोग उपस्थित थे।